तू टेढो तेरी टेढ़ी रे नज़रिया

तू टेढो तेरी टेढ़ी रे नज़रिया ।

गोकुल तेरो टेढ़ो, वृन्दावन तेरो टेढ़ो ।
टेढ़ी रे तेरी मथुरा नगरिया ॥

मुकुट तेरो टेढो, लकुट तेरी टेढ़ी ।
टेढ़ी रे श्याम तेरे मुख की मुरलिया ॥

भैया तेरो टेढो, बाबा तेरो टेढो ।
टेढ़ी रे श्याम तेरी यसुदा मैया ॥

गोपी सब टेढ़ी, ग्वाल सब टेढ़े ।
टेढ़ी रे तेरे प्रेम की डगरिया ॥

भक्त सब टेढ़े, भक्तानी सब टेढ़ी ।
सीधी रे श्याम राधा गुजरिया ॥

स्वर : श्री देवकी नन्दन ठाकुर जी महाराज

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/374/title/tu-tedo-teri-tedi-re-nazariaa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |